श्याम की किरपा है

जब ग्यारस नेड़े आए, कोई जय श्री श्याम बुलाए,
खाटु से बुलावा आए तो समझो,
श्याम की किरपा है, धनी की किरपा है,
श्याम की किरपा है हो....

हारे का सहारा बाबा तुम कहलाते हो,
डूबी नैया भगतों की पार लगाते हो...-2
जब मोर छड़ी लहराए, संकट सारे कट जाए,
तेरी बिगड़ी आप बनाए तो समझो,
श्याम की किरपा है धनी की किरपा है,
श्याम की किरपा है हो......

जब सपने में खाटु का नजारा दिखने लगे,
बाबा के नाम का कीर्तन मन ये करने लगे....-2
ये लीले चढ़ कर आए घर में खुशियां छा जाए,
दिल जय जय कार लगाए तो समझो,
श्याम की किरपा है धनी की किरपा है,
श्याम की किरपा है हो....

'अमित' के संग सांवरिया हरदम रहता है,
मेरी ऊंगली पकड़ के बाबा संग. में चलता है....-2
जब संकट में पड़ जाए, कोई रस्ता नजर ना आए,
फिर भी दिल न घबराए तो समझो,
श्याम की किरपा है धनी की किरपा है,
श्याम की किरपा है हो............

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26237/title/shyam-ki-kirpa-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |